तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 14. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 28 जनवरी 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने दी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति
2



## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.

## खबर संक्षेप

### चांपा में कांग्रेस का एसडीएम कार्यालय घेराव आज

**चांपा।** जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण खरीफ वर्ष 2026 के दौरान धान विक्रय करने हेतु कृषकों को टोकन कटाने में हो रही परेशानी के विरोध में स्थानीय ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में बुधवार 28 जनवरी को सुबह 10.30 बजे से एसडीएम कार्यालय का घेराव किया जायेगा। आंदोलन में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील साधवानी, मंडल अध्यक्ष नारायण सोनी, अनिल मोदी तथा राज सरोज के अलावा पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता, पूर्व विधायक, पार्षद, पूर्व पार्षद सहित सभी अनुशांगिक संगठनों के कार्यकर्ता शामिल होंगे।

### मशाल गौरव रथ यात्रा 28 को पहुंचेगी जांजगीर

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय ट्राइबल गेम्स 2025-26 के प्रचार-प्रसार हेतु मशाल गौरव रथ यात्रा प्रदेश के सभी जिलों में भ्रमण कर रही है। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि गौरव रथ शुभंकर मोरवीर के साथ 28 जनवरी को प्रातः 10 बजे शासकीय हाई स्कूल मैदान जांजगीर पहुंचेगी। इसके पश्चात गौरव रथ कलेक्टोरेट जांजगीर पहुंचेगा, जहां कलेक्टर शजन्मेजय महोबे द्वारा हरी झंडी दिखाकर रथ को आगे के लिए रवाना किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने इस अवसर पर सभी खेल संघों के खिलाड़ियों को उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### रचना तथा लोक प्रस्तुतियों के लिये आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2026 का आयोजन जिला मुख्यालय जांजगीर में 11, 12 एवं 13 फरवरी तक आयोजित है। इस अवसर पर जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला 2026 हेतु प्रकाशित होने वाले स्मारिका के लिए लेख, रचनाएँ, कविता, कहानी प्रकाशन हेतु इच्छुक. रचनाकारों से उनकी मौलिक रचनाएं प्रकाशन हेतु आमंत्रित किये जाते है तथा आयोजन में स्थानीय कलाकारो के सामूहिक प्रस्तुति हेतु परिचय सहित आवेदन के साथ फोटो एवं मय सी.डी. सहित 3 फरवरी तक कार्यालय जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के कक्ष क्रमांक 19 जाज्वल्यदेव महोत्सव शाखा में जमा कर सकते हैं। अंतिम तिथि पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

### किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम कार्यालय का घेराव आज

**अकलतरा।** विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी अकलतरा व बलौदा के द्वारा किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम कार्यालय का घेराव 28 जनवरी को सुबह 11 बजे किया जाएगा। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश्वर टंडन ने बताया कि विष्णु देव साय सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण वर्तमान 2026 के खरीफ फसल खरीदी में किसानों को धान विक्रय करने हेतु टोकन नहीं काटा जा रहा है। भौतिक सत्यापन के नाम पर दबाव पूर्वक रकबा समर्पण कराया जा रहा है । इस कुशासन के खिलाफ अकलतरा व बलौदा के नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा 28 जनवरी को प्रातः 11 बजे से कार्यालय अकलतरा का घेराव करने का निर्णय लिया गया है।

### उपार्जन केन्द्र की बजाय सड़क पर खड़े रहे धान लोड ट्रैक्टर

# धान खरीदी में कटौती से फूटा गुस्सा, सड़क पर उतरकर किसानों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के अंतिम दिनों में धान खरीदी में की जा रही कटौती से किसानों में भारी नाराजगी है। नाराज किसानों ने मंगलवार को सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर किसानों ने चक्काजाम कर अपनी आवाज बुलंद की। उपार्जन केन्द्र की बजाए धान से लोड ट्रैक्टर व अन्य वाहन सड़क पर खड़े रहे।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित की गई है। इधर अंतिम दिनों में धान खरीदी में कटौती की जा रही है। मालखरौदा ब्लाक के धान खरीदी केंद्रों में टोकन काटने के बाद भी मोहदीकला, पोता मालखरौदा, छपोरा , जैसे अनेकों धान खरीदी केंद्र प्रभारी द्वारा धान खरीदी करने से इनकार कर दिया है। ऐसे में गुस्साए किसानों ने मंगलवार 27 जनवरी को अपने ट्रैक्टर के साथ वीर भाटा चौक, मोहंदी कला मोड ,पोता तथा वीरभाठा चौक में ट्रैक्टरों को खड़े करके चक्का जाम कर दिया। मंगलवार को सुबह 8 बजे से ही पूरे ब्लॉक में गहमा गहमी का माहौल रहा। इस बात की जानकारी होने पर बड़े पैमाने पर किसान तथा



कुरदा में धान से लोड वाहन लेकर चक्काजाम करते किसान।

कांग्रेस से जुड़े नेता उनका समर्थन करने जगह-जगह पहुंच गए। जितने भी किसानों का टोकन काटा है जिनका पटवारी द्वारा सत्यापन हो चुका है उनका धान खरीदी करने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया गया। इस बात की जानकारी मिलते ही अधिकारी मौके में पहुंचे और किसानों को समझाने का प्रयास किया। मौके पर पहुंचकर तहसीलदार अनुज पटेल ने बताया कि सभी सत्यापित किसानों का पूरा धान खरीदा जाएगा तब जाकर किसानों ने चक्का जाम समाप्त किया।

### चंद्रपुर व जैजैपुर विधायक ने किया कलेक्टोरेट घेराव

सक्ती। जिले में धान खरीदी में कटौती, टोकन काटने की प्रक्रिया बंद किए जाने और किसानों का रकबा समर्पण कराने के विरोध में मंगलवार को कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। चंद्रपुर व जैजैपुर विधायक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सक्ती कलेक्टोरेट का घेराव किया। चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, जैजैपुर



विधायक बालेश्वर साहू तथा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रश्मि गबेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और किसानों ने अपनी मांग को लेकर धरना दिया। विधायकों ने कहा कि धान खरीदी केंद्रों में किसानों का धान नहीं लिया जा रहा है और भारी कटौती की जा रही है, जिससे किसान आर्थिक रूप से परेशान हैं। शासन-प्रशासन से किसानों के रकबा समर्पण की प्रक्रिया तुरंत बंद कराने, प्रशासन द्वारा जब्त किए गए किसानों के धान को तत्काल वापस करने, धान खरीदी में की जा रही भारी कटौती पर रोक लगाने की मांग की। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

# बारहवीं के छात्र ने लगाई फांसी, छोड़ा सुसाइड नोट

### परिजन व ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम आरसमेटा में कक्षा 12वीं के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्र ने एक सुसाईड नोट भी छोड़ा है, जिसमें शिक्षकों पर प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाया है। इधर घटना से आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग को लेकर 5 घंटे चक्काजाम किया। अधिकारियों द्वारा कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद चक्काजाम समाप्त हुआ।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम आरसमेटा निवासी कमलेश जायसवाल ने कक्षा 11वीं तक न्यूवोको पब्लिक स्कूल में पढ़ाई की। इसके बाद इस साल वह मस्तूरी के स्कूल से 12वीं की पढ़ाई कर रहा था। सोमवार 26 जनवरी को उसने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने घटना की सूचना मुलमुला थाने में दी। मुलमुला पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इस दौरान मृतक के पास से एक सुसाईड नोट मिला। सुसाईड नोट में छात्र ने न्यूवोको स्कूल के शिक्षकों पर मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाया है। वहीं इस घटना के लिए शिक्षकों को जिम्मेदार ठहराया है। इधर इस बात की जानकारी होने पर छात्र के परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सड़क पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया गया। सुबह 11 बजे से चक्काजाम शुरू हुआ। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल पहुंची। वहीं राजस्व अधिकारी भी पहुंच गए। अधिकारियों ने परिजनों व ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन सभी कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। आखिरकार न्यूवोको प्रबंधन के अफसर मौके पर पहुंचे



चक्काजाम करते परिजन व ग्रामीण।

और मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद शाम 4 बजे चक्काजाम समाप्त हुआ। कमलेश के पिता नारायण प्रसाद जायसवाल और बहन प्रियंका जायसवाल का कहना है कि पिछले दो साल से प्राचार्य और शिक्षक द्वारा कमलेश को मानसिक रूप से प्रताड़ति किया जा रहा था। कक्षा 11वीं में पेपर अच्छा बनने के बाद भी दो विषय में सप्लीमेंटी किया गया और उत्तर पुस्तिका की दोबार जांच करने की मांग को ठुकरा दिया गया। प्रताड़ना से तंग आकर कमलेश ने मस्तूरी के स्कूल में एडमिशन ले लिया। इसके बाद भी शिक्षकों द्वारा अनर्गल टिप्पणी की जाती रही। इसी से परेशान होकर कमलेश ने आत्महत्या का कदम उठा लिया।

**चल रही जांच**

मौके से सुसाईड नोट मिला है। हैण्डराईटिंग की जांच कराई जा रही है। साथ ही परिजनों व संबंधितों के बयान भी लिए जा रहे है।

-पारस पटेल
थाना प्रभारी, मुलमुला

# अवैध भंडारण व परिवहन करते पकड़ा गया 500 बोरी धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिले में धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुचारु बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार सख्त निगरानी की जा रही है। इसी कड़ी में रविवार 25 जनवरी की रात्रि को विकासखंड जैजैपुर अंतर्गत ग्राम परसदाडीह में अवैध धान भंडारण एवं परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार निरीक्षण के दौरान ग्राम परसदाडीह स्थित एक किराना दुकान में पिकअप वाहन में लगभग 100 बोरी धान लोडिंग की स्थिति में पाया गया। मौके पर जांच करने पर संबंधित व्यक्ति धान के वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके अतिरिक्त पास ही स्थित एक गोदाम में 400 बोरी धान का अवैध



जब्त धान के साथ अफसरों की टीम।

रूप से भंडारण पाया गया। कार्रवाई के दौरान पिकअप वाहन सहित 100 बोरी धान को जब्त कर थाना जैजैपुर के सुपुर्द किया गया। वहीं गोदाम में पाए गए 400 बोरी धान को भी जब्त करने की कार्यवाही की गई। इस दौरान तहसीलदार रविशंकर राठौर और उनकी पूरी टीम उपस्थित थी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की अनियमितता, अवैध भंडारण, परिवहन या कालाबाजारी को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा लगातार निरीक्षण एवं निगरानी जारी है।

### समृद्ध दीदी से समृद्ध राष्ट्रः प्रशिक्षण केंद्र का ऑनलाइन शुभारंभ

**जांजगीर-चांपा।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर समृद्ध दीदी से समृद्ध राष्ट्र अभियान के अंतर्गत सीएमटीसी प्रशिक्षण कार्यालय का ऑनलाइन उद्घाटन शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। विकासखंड पामगढ़ में ज्ञान गंगा संकुल पामगढ़ में संचालित प्रशिक्षण केंद्र का भी ऑनलाइन शुभारंभ कार्यक्रम में सहभागिता रही। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने इस पहल को ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए शासन की इस योजना की सराहना की। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# शासकीय भूमि पर कुएं को पाटकर किया जा रहा अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मालखरौदा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत आमनदुला में जिम्मेदार पंचायत प्रतिनिधि द्वारा शासकीय भूमि पर अवस्थित कुएं को पाटकर उस पर मकान का निर्माण कराया जा रहा है। मामले की एक ग्रामीण द्वारा की गई शिकायत के बाद हुई जांच में शिकायत को सही पाया गया है। अब पूरे मामले का जांच प्रतिवेदन कलेक्टर सक्ती को प्रेषित किया गया है।

नवगठित पड़ोसी जिले सक्ती की मालखरौदा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत आमनदुला निवासी ग्रामीण धरमलाल पिता नेगी चन्द्रनाहु ने थाना प्रभारी मानखरौदा सहित तहसीलदार एवं कलेक्टर को प्रेषित शिकायत में कहा है कि उनकी ग्राम में भूमि स्वामी हक तथा कब्जे



की भूमि खसरा नं. 133/1 शामिल 02 रकबा 0.141 हे. स्थित है। इस भूमि के सामने शासकीय भूमि खसरा नं. 121 रकबा 1.214 हे. धरसा मद की स्थित है जिस पर शासकीय कुआं बना हुआ था। इस कुएं को डस्ट एवं मिट्टी से पाटकर शासकीय भूमि के 90 वर्ग मीटर में नभोल पिता गंगाराम द्वारा अतिक्रमण कर मकान का निर्माण कराया जा रहा है। वर्तमान में उक्त निर्माणाधीन मकान लेंटर लेबल तक आ गया है, जिससे उनकी भूमि पर आने-जाने का मार्ग अवरूद्ध हो गया है। अनेक बार उक्त कृत्य से मना करने के बाद भी निर्माण बंद नहीं किया गया है, जबकि वह स्वयं ग्राम पंचायत आमनदुला का निर्वाचित पंच है। मामले की शिकायत के बाद तहसीलदार मालखरौदा द्वारा संबंधित हल्का पटवारी 01 से मौका जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये थे। उसके बाद पटवारी प्रहलाद कुमार जगत ने स्थल जांच कर प्रतिवेदन सौंपा जा चुका है।

**भेजा गया है प्रतिवेदन**

मामले की हुई शिकायत के बाद मेरे द्वारा संबंधित हल्का पटवारी से मौका जांच कराकर प्रतिवेदन अग्रिम कार्यवाही के लिए कलेक्टर को प्रेषित कर दिया गया है।

-अनुज पटेल,
तहसीलदार, मालखरौदा

### जिला चिकित्सालय का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

# मरीजों की सुविधाओं के साथ स्वच्छता बनाए रखने दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा


जिला चिकित्सालय का कलेक्टर ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल परिसर को स्वच्छ बनाए रखने के साथ ही मरीजों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जीवनदीप समिति के स्वीकृत कार्यों की स्थिति का जायजा लिया।

औचक निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने नवनिर्मित ओ.पी.डी. हॉल, नवीन ओ.टी. अतिरिक्त कक्ष, मरचुरी का जीर्णोद्धार व शेड निर्माण, सामूहिक शौचालय निर्माण, पेईंग वार्ड एवं अटल समरसत्ता भवन के के सामने नवीन गार्डन निर्माण, नवीन स्थानान्तरित पोषण पुनर्वास केन्द्र, आपातकालीन, प्रसव, नेत्र, आर्थो, मेजर तथा माईनर ओ.टी. एवं सी.सी.एच.बी. द्वारा निर्मित



वार्ड का भ्रमण कर डॉक्टर व मरीजों से चर्चा करते कलेक्टर।

लिफ्ट निर्माण, 50 बिस्तरीय सी.सी.एच.बी. के निर्माण का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निर्माणाधीन कार्यो को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने चिकित्सालय मे मरीजों को दी जाने वाली सेवाओं का भी जानकारी ली। जिसमें ओ.पी.डी., सर्जरी, भर्ती मरीजों को प्रदाय की जाने वाली भोजन की व्यवस्था की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने जिला चिकित्सालय को नवीन मेडिकल कॉलेज में उन्नयन करने के संबंध में भी पूर्ण जानकारी ली तथा उन्नयन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान समस्त अधिकारी, कर्मचारियों को समय पर ड्यूटी आने एवं कार्यों को गुणवत्ता के साथ करने एवं साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला चिकित्सालय जांजगीर में मरीजो को समुचित सुविधा प्रदान करते हुए दवाई एवं अन्य सामग्री की निरंतर आपूर्ति बनाये रखने हेतु निर्देश दिए। कलेक्टर ने समस्त मरीजों को शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड ब्लॉकिंग एवं इनहेसमेंट करने हेतु निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने शीघ्र ही मानव संसाधन एवं उपकरण का प्रस्ताव भेजने हेतु सिविल सर्जन को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिता श्रीवास्तव, सिविल सर्जन एस कुजूर, डीपीएम उत्कर्ष तिवारी सहित सीजीएमएससी एवं संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### सुनील बने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष



**चांपा।** स्थानीय ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सुनील साधवानी को उनकी सक्रियता एवं पार्टी निष्ठा के साथ ही समर्पण का लाभ मिला है। उन्हें प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चांपा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे विगत चार वर्षों से ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष का दायित्व संभाल रहे थे। उल्लेखनीय है कि साधवानी ने कांग्रेस में अपने राजनीतिक कैरियर की शुरुआत बूथ अध्यक्ष के रुप में की थी। उन्हें बाद में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। वर्ष 2019 में उन्होंने नवागढ़ नगर पंचायत चुनाव में प्रभारी के रुप में कार्य करते हुए वहां कांग्रेस की नगर सरकार बनाई। वर्तमान में वे व्यापारिक संगठन चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज की नगर इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष के अलावा पूज्य सिंधी पंचायत सिंधी कालोनी के अध्यक्ष का भी दायित्व निभा रहे है। छग विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत के आशीर्वाद से उन्हें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चांपा का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर शहर के कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता जाहिर की है। साधवानी ने कहा कि वे अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस से जोड़कर पार्टी को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे।

### निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं चिकित्सा शिविर 8 को

**बिर्रा।** निशुल्क अस्थि, न्यूरो एवं मधुमेह रोग जांच स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन 8 फरवरी रविवार को सुबह 11 बजे से आचार्य चाणक्य सभागार भवन बिर्रा में प्रथम हॉस्पिटल मल्टीस्पेशलिटी बिलासपुर के सहयोग से किया जा रहा है। निःशुल्क चिकित्सा शिविर में डॉक्टर रजनीश कुमार पांडे, डॉक्टर एस के धर ,डॉक्टर लक्ष्मी नारायण मिश्रा, डॉक्टर वैभव कौशिक, डॉक्टर अंबिकेश पांडे के अलावा विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। शिविर के संयोजक मनोज कुमार तिवारी ने इस निःशुल्क अस्थि, न्यूरो एवं मधुमेह रोग जांच शिविर में आसपास के मरीजों से लाभ लेने के लिए सभी से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

मंदिर की साफ-सफाई व रंग रोगन का कार्य पूर्ण, चल रहा लाइट व झालर लगाने का काम

# जोर-शोर से चल रही पंद्रह दिवसीय माघ पूर्णिमा मेले की तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

माता शबरी की तपोभूमि, भगवान जगन्नाथ स्वामी का मूल स्थान एवं मंदिरों की नगरी शिवरीनारायण धाम में माघ पूर्णिमा 1 से 15 फरवरी महाशिवरात्रि तक पंद्रह दिवसीय माघ पूर्णिमा मेला की तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी है।

प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि पर्व तक पंद्रह दिवसीय माघी पूर्णिमा मेला शिवरीनारायण में लगता है। इस वर्ष 1 फरवरी से 15 फरवरी तक मेला लगेगा जिसकी तैयारी मंदिर प्रशासन और जिला प्रशासन और नगर पंचायत के संयुक्त देखरेख में जोर शोर से किया जा रहा है। नगर पंचायत द्वारा मेला में लगने वाले, दुकानों, टूरिंग टॉकीज मीना बाजार मौत का कुआं, झूला के लिए जमीन आवंटन का कार्य शुरू किया गया है। नगर पंचायत द्वारा तय स्थान पर दुकानें, झूला, टूरिंग टॉकीजों के साथ ही सैकड़ों की संख्या में दुकान लगाने का काम दिन रात किया जा रहा है। नगर के मुख्य मंदिर श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर में साफ सफाई कर रंग रोगन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। मंदिरों में लाइट, झालर लगाने का काम भी किया जा रहा है। श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर परिसर को सजाने संवारने का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। श्री शिवरीनारायण भगवान परिसर के



सभी मंदिरों के साथ ही मठ मंदिर, श्री राम जानकी मंदिर, राम मंदिर में भी झालर और लाइट लगाया जा रहा है। धार्मिक मान्यता है कि श्री जगन्नाथ स्वामी जी का मूल स्थान शिवरीनारायण धाम है। मुख्य मंदिर श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर के गर्भ गृह में ही भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी जी, माता सुभद्रा और बलराम जी का नयनाभिराम मूर्ति विराजमान था जिसे उड़ीसा के राजा द्वारा शिवरीनारायण से ले जाकर उड़ीसा के जगन्नाथ पुरी मंदिर में स्थापित किया गया। श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर के गर्भ गृह में प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा के अवसर पर भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी जी साक्षात सशरीर विराजमान होते है ऐसा भी कहा जाता है कि माघ पूर्णिमा को भगवान जगन्नाथ जी का भोग शिवरीनारायण में ही लगता है। जगन्नाथ पुरी में माघ पूर्णिमा को भोग नहीं लगाया जाता। भगवान जगन्नाथ जी के अपने मूल निवास पर आने के कारण ही माघ पूर्णिमा को छत्तीसगढ़ प्रदेश के साथ ही, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट बिहार और उड़ीसा के साथ ही देशभर के श्रद्धालु शिवरीनारायण धाम पहुंचते हैं। माघ पूर्णिमा को भगवान श्री शिवरीनारायण जी का अलसुबह 4 बजे से महास्नान कराकर वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य अभिषेक किया जाएगा। भगवान श्री शिवरीनारायण जी को नवीन वस्त्रों से राजसी श्रृंगार कर सोने चांदी से बने हुए आभूषण धारण कराकर महाआरती कर छप्पन भोग प्रसाद का भोग लगाया जाएगा। बताया जाता है कि शिवरीनारायण में माघ पूर्णिमा का मेला लगभग 200 वर्षों से भी अधिक समय से शिवरीनारायण में मेला ग्राउंड के विशाल भू भाग पर माघी पूर्णिमा मेला लगते चला आ रहा है। मेलार्थी, श्रद्धालु बड़ी संख्या में माघ पूर्णिमा मेला में भगवान श्री शिवरीनारायण के दर्शन पूजन, के साथ ही महानदी, जोक नदी और शिवनाथ नदी के त्रि धारा संगम में पवित्र स्नान और मेला स्थल में जमकर खरीददारी भी करते हैं। नगर के श्रद्धालुओं के साथ ही दूर दूर से श्रद्धालुओं की टोली जमीन पर लोट मारते हुए शिवरीनारायण धाम आते हैं। पं.हरीश तिवारी भोगहा ने बताया कि इस वर्ष माघ पूर्णिमा के अवसर पर रवि पुष्य योग का संयोग प्रातः 7 बजकर दस मिनट से लेकर रात्रि 11:58 तक है। इस दिन स्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहा है इसके साथ ही प्रीति और आयुष्मान योग का संयोग है। माघ पूर्णिमा स्नान के पश्चात सूर्य देव को अर्ध देना भी शुभ होता है। माघ पूर्णिमा को पवित्र नदियों में स्नान, सूर्य उपासना, भगवान श्री शिवरीनारायण जी का दर्शन पूजन करने के साथ ही भगवान श्री सत्यनारायण की कथा का भी श्रवण करना चाहिए, जिससे जातक की सभी समस्याओं से संकटों से मुक्ति मिलती है। नगर के मुख्य मंदिर श्री शिवरीनारायण भगवान मंदिर के साथ ही नगर के सभी मंदिरों में में रात भर भजन कीर्तन कर जागरण किया जाएगा। 31 जनवरी शाम से ही प्रदेश सहित देशभर के श्रद्धालुओं का जत्था शिवरीनारायण में जुटेंगे। माघ पूर्णिमा 1 फरवरी को देर रात्रि से ही चित्रोत्पला गंगा महानदी में आस्था की पवित्र डुबकी लगाकर पुण्य स्नान करेंगे।

### स्व. एम. बी. रोकड़े स्मृति संगीत समारोह 17 को

**अकलतरा।** स्वर्गीय एम. बी. रोकड़े स्मृति संगीत समारोह समिति के तत्वावधान में चोबीसवां वार्षिक सांगीतिक कार्यक्रम आगामी 17 फरवरी को स्थानीय लिखमानियां धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम बीते 23 वर्षों से निरंतर आयोजित होते आ रहे इस प्रतिष्ठित संगीत समारोह की अगली कड़ी है, जो इस वर्ष अपने 24वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। कार्यक्रम की मुख्य प्रस्तुति शास्त्रीय गायन की रहेगी, जिसके लिए इस वर्ष कोलकाता के युवा एवं प्रतिभाशाली शास्त्रीय गायक सुदीप्तो चक्रवर्ती को आमंत्रित किया गया है। सुदीप्तो चक्रवर्ती पटियाला घराने से संबद्ध हैं और अपनी सशक्त एवं भावपूर्ण गायकी के लिए जाने जाते हैं। उनके साथ तबले पर कोलकाता के ही प्रसिद्ध तबला वादक बीभास संघई संगत करेंगे। कार्यक्रम की दूसरी प्रस्तुति सुगम संगीत पर आधारित होगी, जिसमें रायपुर, बिलासपुर एवं भिलाई के कलाकारों द्वारा ग़ज़ल, भजन एवं सूफ़ी गायन की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। संगीत समारोह का एक विशेष आकर्षण सितार वादन रहेगा, जिसे रायपुर के युवा सितार वादक मनोज जायसवाल प्रस्तुत करेंगे। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के स्थानीय कलाकार भी अपनी-अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने गुरुजनों को स्वरांजलि अर्पित करेंगे। उल्लेखनीय है कि स्व. एम. बी. रोकड़े स्मृति संगीत समारोह समिति द्वारा यह आयोजन लगातार 23 वर्षों से सफलतापूर्वक किया जा रहा है। इसी कड़ी में समिति ने इस वर्ष से संगीत शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु 'अंतर्नाद संगीत विद्यालय' की भी शुरुआत की है, जहां स्थानीय बगड़िया भवन में प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक संगीत कक्षाएं संचालित की जा रही हैं।समिति के पदाधिकारियों ने संगीत प्रेमियों एवं नागरिकों से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस सांगीतिक संध्या को सफल बनाने की अपील की है।

## विधायक के प्रयास से सामुदायिक भवन निर्माण की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर विधायक ब्यास कश्यप का सतत प्रयास एक बार फिर रंग लाया है। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण मद अंतर्गत ग्राम पंचायत अमोरा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रू., ग्राम पंचायत सेमरा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रू. तथा ग्राम पंचायत कुथुर में छतदार चबूतरा निर्माण के लिए 10 लाख रू. की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस स्वीकृति से संबंधित ग्रामों के नागरिकों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक गतिविधियों के लिए स्थायी सुविधा उपलब्ध होगी। सामुदायिक भवन के निर्माण से लोगों को बैठक, प्रशिक्षण, सामाजिक कार्यक्रम, विवाह एवं अन्य आयोजनों के लिए उपयुक्त स्थान मिलेगा। विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि सामुदायिक भवन केवल एक संरचना नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और विकास का केन्द्र होता है। समाज के सर्वांगीण विकास के लिए बुनियादी सुविधाओं का सशक्त होना आवश्यक है। क्षेत्र की जन-आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह स्वीकृति दिलाई गई है। स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति मिलने पर विधायक ब्यास कश्यप के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात बताया है। उल्लेखनीय है कि विधायक ब्यास कश्यप द्वारा विधानसभा क्षेत्र में निरंतर विकास कार्यो की स्वीकृति दिलाने के साथ-साथ सामाजिक अधोसंरचना को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने दी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पड़रिया में वार्षिकोत्सव समारोह बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ किया गया, जिसके पश्चात बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं जिनमें देशभक्ति गीत, सुआ नृत्य, बस्तर का पारंपरिक नृत्य, पंथी, कर्मा, गरबा नृत्य, स्कूल जाबो नृत्य सहित आकर्षक रिमिक्स नृत्य ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं, जिनकी दर्शकों ने तालियों के साथ सराहना की।कार्यक्रम का संचालन विष्णु कुमार यादव एवं शिक्षिका श्रीमती कविता शर्मा ने किया एवं आभार प्रदर्शन श्रीमती रंजिता खांडेकर ने किया समारोह में सरपंच अयोध्या प्रसाद पटेल, उपसरपंच श्री राम सिंह यादव, समस्त पंचगण, पालकगण, संकुल प्रभारी घासी राम पटेल, शैक्षिक समन्वयक रूपेश सिंह, राजकिशोर धिरही, व्याख्याता बसंत बंजारे, शा. उ. मा. शा. पड़रिया से सूरज प्रकाश कंवर, शिक्षकगण राजेंद्र साहू, दयावंत रात्रे, बली राम जगत, संतोष धीवर, शैलेंद्र ध्रुवे, सरोज रत्नाकर, श्रीमती प्रभा चंद्रा, श्रीमती प्रमिला खूंटे, राकेश कंवर एवं राकेश यादव सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण एवं उपस्थित छात्र-छात्राएं।

## जगदगुरू शंकराचार्य को स्नान से रोकना भाजपा का हिन्दू विरोधी चरित्र : अग्रवाल



**चांपा।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित माघ मेले के दौरान शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सहित उनके संतों को शाही स्नान से रोके जाने और उनके साथ हुए दुर्व्यवहार की कड़ी निंदा की है। श्री अग्रवाल ने कहा कि खुद को हिंदूओं का ध्वज वाहक बताने वाली भाजपा सरकार हिंदू संतों का अपमान कर रही है, और आज हालात यह है कि स्वयं सनातन धर्म के एक प्रमुख शंकराचार्य को अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर आशंका है। उन्हें अनशन पर बैठने को मजबूर होना पड़ा हैं। शंकराचार्य जी का अपमान सनातन धर्म का अपमान है। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पिछले 40 वर्षों से नियमित रूप से शाही स्नान करते आ रहे हैं और यह पहली बार है जब उन्हें इस अखंड धार्मिक परंपरा से रोका गया है। उन्होंने कहा कि मौनी अमावस्या का शाही स्नान एक अखंड परंपरा है, भाजपा सरकार ने शंकराचार्य जी को स्नान से रोक कर सनातन परंपरा का अपमान किया है। भाजपा सरकार पिछले 12 वर्षों से केंद्र में सत्ता में है और हिंदुओं के नाम पर राजनीति करती रही है, लेकिन आज वही मोदी सरकार शंकराचार्य एवं उनके समर्थकों के साथ अपमान जनक व्यवहार कर रही है। उनके शिष्यों को बाल पकड़कर घसीटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक ओर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को जेड-प्लस सुरक्षा दी जाती है, वही दूसरी ओर शंकराचार्य के समर्थकों के साथ मारपीट की जाती है।

**न्यायालय तहसीलदार जैजैपुर, जिला सक्ती (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202511310800020 / ब-121/2025-26
साकिन-अचानकपुर

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक धनेश्वर प्रसाद पिता टीकाराम साकिन अचानकपुर जाति सतनामी तहसील जैजैपुर जिला सक्ती (छ.ग.) ने अपने माता जग बाई पति टीकाराम के जन्म दिनांक 04/05/1974 प्रमाण पत्र के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अत: इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई दिनांक 04/02/2026 के पूर्व या सुनवाई के समय अपनी दावा आपत्ति स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, प्रकरण में सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/01/2026 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार जैजैपुर**
**जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी हसौद, जिला सक्ती (छ.ग.)**

ग्राम आमाकोनी प.ह.नं. 02
दिनांक 15/01/26

**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री धनेश्वर प्रसाद पिता श्री टीकाराम लहरे जाति सतनामी निवासी आमाकोनी तहसील हसौद जिला सक्ती (छ.ग.) ने इस न्यायालय में अपने पिता टीकाराम के जन्म दिनांक 30/01/1971 स्थान आमाकोनी पर पंजीयन हेतु आवेदन पत्र, पंचनामा, शपथ पत्र सहित पेश किया है।

अत: जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 29/01/26 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत न्यायालय का पश्चात दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/01/26 को इस न्यायालय की सील मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**हसौद, जिला सक्ती (छ.ग.)**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी हसौद, जिला सक्ती (छ.ग.)**

ग्राम तुमीडीह प.ह.नं.
दिनांक..............

**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अंजू कुमारी निषाद पति श्री राजकुमार केंवट जाति केंवट निवासी तहसील हसौद जिला सक्ती (छ.ग.) ने इस न्यायालय में अपने ससुर महावीर केंवट के मृत्यु दिनांक 15/07/2011 स्थान तुमीडीह पर पंजीयन हेतु आवेदन पत्र, पंचनामा, शपथ पत्र सहित पेश किया है। पर अत: जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 30/01/26 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/01/26 को इस न्यायालय की सील मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**हसौद, जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार भोथिया जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202511310100010/अ-21 (1)/2025-26
साकिन-अकलसरा

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक छेदीलाल सिदार पिता प्रेम सिंह जाति गोड़ निवासी अकलसरा तहसील भोथिया जिला सक्ती छ.ग. के द्वारा ग्राम अकलसरा तहसील भोथिया जिला सक्ती के स्थित अपने निजि भूमि स्वामी हक की भूमि कुल खसरा नंबर 21 कुल रकबा 5.7820 हे. भूमि में से 343/1 रकबा 0.07 एकड़ भूमि को अनावेदक दादूराम नायक निवासी अकलसरा के गैर आदिवासी के पास भूमि को विक्रय की अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय की पेशी दिनांक 10/02/26 के पूर्व अपनी दावा/आपत्ति स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अत: दिनांक 22/01/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मोहर लगाकर जारी किया गया।

**तहसीलदार भोथिया**
**जिला-सक्ति (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार भोथिया जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202511310100009/अ-21 (1)/2025-26
साकिन-ठठारी

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक छेदीलाल सिदार पिता प्रेम सिंह जाति गोड़ निवासी अकलसरा तहसील भोथिया जिला सक्ती छ.ग. के द्वारा ग्राम ठठारी तहसील भोथिया जिला सक्ती के स्थित अपने निजि भूमि स्वामी हक की भूमि कुल खसरा नंबर 21 कुल रकबा 5.7820 हे. भूमि में से 2903/1 रकबा 0.18 एकड़ भूमि को अनावेदक दादूराम नायक निवासी अकलसरा के गैर आदिवासी के पास भूमि को विक्रय की अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय की पेशी दिनांक 10/02/26 के पूर्व अपनी दावा / आपत्ति स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अत: दिनांक 22/01/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मोहर लगाकर जारी किया गया।

**तहसीलदार भोथिया**
**जिला-सक्ति (छ.ग.)**

जॉंजगीर मार्केट

आदित्य प्लाई, हार्डवेयर, फर्नीचर
मो. 6260115021
प्लाई, सनमाइका, फेवीकोल, सेंट्रींग प्लाई, वॉल पेपर, मंदिर दरवाजे, खिड़की, चौखट, तखत, टेबल, सोफा सेट, दीवान पलंग, सेंट्रींग फर्मा, गद्दे, तकीये एवं शादी विवाह के संपूर्ण समान थोक एवं चिल्हर
एक छत के नीचे कम दाम पर प्राप्त करें।
संबंधित प्रतिष्ठान: सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग
सभी प्रकार की ईमारती लकड़ी एवं सेंट्रिंग की लकड़ी कम दर पर प्राप्त करें।
लिंक रोड, नेताजी चौक, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास जांजगीर मो.9302362173

प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
* फ्रेक्चर, प्लास्टर, ऑपरेशन के बाद जोड़ों का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
* कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
* सियाटिका, वात, लकवा (हाथ,पैर,मुह)
* नसों से सबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS(Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में, चाम्पा
M : 96915 53615

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड ◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं इनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

TOP IN JANJGIR

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्मे की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्मे की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उंगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वसेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

खबर संक्षेप

## उत्कृष्ट संपादन के लिए गणतंत्र दिवस पर बिर्रा थाना को मिला सम्मान




**बिर्रा।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर बिर्रा के थाना प्रभारी निरीक्षक जय कुमार साहू को थाना क्षेत्र के अंतर्गत कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा उत्कृष्ट कार्य संपादन के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी द्वारा जांजगीर के परेड मैदान में प्रदान किया गया है। अधिकारियों ने श्री साहू के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था सुदृढ़ रही है। सम्मान प्राप्त होने पर निरीक्षक जय कुमार साहू ने इसे विभागीय टीम की सामूहिक मेहनत का परिणाम बताया और भविष्य में भी जनहित एवं कानून व्यवस्था के प्रति पूरी निष्ठा से कार्य करने की बात कही। थाना प्रभारी बिर्रा निरीक्षक जयकुमार साहू ने आगे बताया कि पुलिस विभाग में कोई भी कार्य एक व्यक्ति पूर्ण नहीं कर सकता है। उस कार्य को पूर्ण करने के लिए टीम का होना बहुत ही जरूरी है। इसके साथ ही टीम में टीम भावना का होना भी बहुत ज्यादा जरूरी है। इस अवसर पर कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के अलावा वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## नगर पंचायत में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस



**बम्हनीडीह।** नगर पंचायत बम्हनीडीह में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह अत्यंत उत्साह और देशभक्ति के माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यालय परिसर में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रशासक अविनाश चौहान उपस्थित रहे। शान से समारोह की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई। प्रशासक अविनाश चौहान ने राष्ट्रध्वज फहराया और उपस्थित जनसमूह को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस दौरान राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी गई। 'मिशन क्लीन सिटी' को मिली नई रफ्तारदेशभक्ति के इस पर्व पर नगर को स्वच्छ बनाने का संकल्प भी दोहराया गया। ध्वजारोहण के पश्चात अतिथियों ने 'मिशन क्लीन सिटी' योजना के अंतर्गत डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के लिए नए रिक्शा (स्वच्छता वाहनों) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह पहल नगर के विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से की गई है। इस मौके पर मुख्य रूप से नगर पंचायत सीएमओ राधाचरण तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष तिवारी, आनंद अग्रवाल (बंटू), सोनू जायसवाल सहित नगर के गणमान्य नागरिक और नगर पंचायत कर्मचारी मौजूद थे।

## नगर साहू संघ का बैठक में नवनिर्वाचित संगठन सचिव का किया गया अभिनंदन



**जैजैपुर।** नगर साहू संघ जयजयपुर का बैठक साहू धर्मशाला जयजयपुर में संपन्न हुआ। बैठक का शुरुआत भक्त माता कर्मा के तैल्य चित्र पर धूप दीप प्रज्वलन एवं आरती के साथ किया गया। तत्पश्चात नगर साहू संघ के पदाधिकारियों द्वारा जिला साहू संघ शक्ति के नवनिर्वाचित संगठन सचिव प्रहलाद साहू का शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। बैठक में नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष को प्रभार देने तथा आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर नगर साहू संघ जयजयपुर के अध्यक्ष जिवेन्द्र बहादुर, उपाध्यक्ष अर्जुन लाल, संगठन सचिव मिलन राम एवं मालती साहू, सचिव आत्माराम, कोषाध्यक्ष हरीराम, छतराम, जीवनलाल, फुनूलाल, धनेश्वर, बोटराम, शत्रुघ्न, शंकर, रविकान्त समेत साहू समाज के वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय गुरु घासीदास मेल महोत्सव व संत समागम आज से

**तनौद।** पामगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोड़ाभाटा में तीन दिवसीय गुरु घासीदास मेला महोत्सव एवं संत समागम का आयोजन गुरु घासीदास मेला मैदान में बुधवार 28 जनवरी से किया गया है। बुधवार को चौका आरती, मंगल भजन एवं पंथी प्रोगाम होगा। इसी प्रकार 29 जनवरी को प्रवचन मंगल भजन एवं रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। 30 जनवरी को अतिथियों का आगमन, उद्बोधन एवं ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रतियोगिता का भी आयेजन किया गया है, जिसमें प्रथम पुरस्कार 10 हजार रुपए, द्वितीय 5 हजार एवं तृतीय 3 हजार रुपए दिया जाएगा।

### जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

# जिला स्तरीय समारोह में चौधरी ने ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

जिले में 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि वित्त, वाणिज्य कर, आवास एवं पर्यावरण योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओ पी चौधरी ने हाई स्कूल मैदान जांजगीर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली।

कार्यक्रम में हर्ष फायर के साथ शांति एवं उत्साह के प्रतीक गुब्बारे आसमान में छोड़े गए। साथ ही मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण किया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा आम नागरिकों के नाम संदेश का वाचन किया। श्री चौधरी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व शहीदों के परिजन को शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र, झांकी एवं परेड में विजेता टीम को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन सतीश सिंह एवं दीपक यादव ने किया। इस दौरान विधायक जांजगीर-चांपा ब्यास कश्यप, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले, पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी सत्यलता आनंद मिरी, नगर पालिका जांजगीर-नैला अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढेवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती उमा राजेन्द्र राठौर, सुश्री आशा साव, श्रीमती प्रियंका पुष्पेंद्र सिंह, राज कुमार साहू, अमर सुलतानिया, इंजी. रवि पांडेय, पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, विकास शर्मा, आशुतोष गोस्वामी, हितेश यादव, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, अतिरिक्ति पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप सहित जिला पंचायत सदस्य, पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं सहित बड़ी संया में आमनागरिक उपस्थित रहे।



परेड की सलामी लेते मुख्य अतिथि ओपी चौधरी।


मार्च पास्ट करते जवान


रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएं।

### परेड सीनियर में जिला पुलिस बल और जूनियर में एनसीसी प्रथम

समारोह में परेड सीनियर वर्ग में प्रथम जिला पुलिस बल, जिला महिला पुलिस बल द्वितीय और तृतीय स्थान सीएएफ 11वीं बटालियन भारत रक्षित को प्राप्त हुआ। इसी प्रकार जूनियर वर्ग में एनसीसी टूप नंबर 325 बालक शा उ मा वि क्रमांक 1 जांजगीर को प्रथम स्थान, एनसीसी टूप नंबर 325 विंग बालिका शा उ मा वि क्रमांक 1 जांजगीर द्वितीय तथा एनसीसी ज्ञानदीप उ. मा. वि जांजगीर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। साथ ही परेड महाविद्यालय में एनसीसी बालक टीसीएल महाविद्यालय जांजगीर प्रथम एवं एनसीसी बालिका टीसीएल महाविद्यालय जांजगीर द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनका पब्लिक स्कूल चांपा को प्रथम स्थान

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मनका पब्लिक स्कूल चांपा को प्रथम, ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बनारी को द्वितीय एवं कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय ससहा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।


**पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की झांकी रही प्रथम**-समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा विकास की झलक का प्रदर्शित करने वाली आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गई। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रदर्शित झांकी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार द्वितीय स्थान प्राप्त पुलिस विभाग एवं तृतीय स्थान कृषि एवं उद्यानिकी विभाग को प्राप्त हुआ

### शहीद स्मारक में शहीदों को दी श्रद्धांजलि

मुख्य अतिथि वित्त, वाणिज्य कर, आवास एवं पर्यावरण योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओ पी चौधरी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर हाईस्कूल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में ध्वजारोहण करने के बाद जिला मुख्यालय के कचहरी चौक स्थित शहीद स्मारक में श्रद्धासुमन अर्पित कर शहीदों को नमन किया।



## कलेक्टर महोबे ने कलेक्टोरेट में फहराया तिरंगा



कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर में ध्वज फहराकर किया एवं सामूहिक रूप से राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत गाया गया। कलेक्टर ने समस्त जिलेवासियों एवं उपस्थित सभी अधिकारी, कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कलेक्टर श्री महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ था। उन्होंने सभी से संविधान में निहित मूल कर्तव्यों की रक्षा करने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें। कलेक्टर ने कहा कि हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है कि संवैधानिक मूल्यों का सम्मान करते हुए ईमानदारी से कार्य करें और संविधान की रक्षा करें। देश सेवा का कार्य करें और अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्री संदीप सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती स्निग्धा तिवारी सहित कलेक्टर कार्यालय तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कलेक्टर निवास में फहराया तिरंगा - कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर निवास में ध्वजारोहण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## गणतंत्र दिवस पर नवीन कन्या महाविद्यालय में जनभागीदारी अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सक्ती

गणतंत्रता दिवस की धूम पूरे देश में रही वही नवीन कन्या महाविद्यालय सक्ती में जनभागीदार समिति अध्यक्ष रामनरेश यादव के मुख्य अतिथि के रुप में शामिल होकर ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि यादव ने कहा कि वीर शहीदों की कुर्बानी के कारण हमें आजादी मिली और देश के महापुरुषों ने 26 जनवरी 1950 को देश का संविधान लागू किया जिसमें प्रमुख रूप से डॉ. भीमराव अंबेडकर, डॉ राजेंद्र प्रसाद आदि महापुरुषों का बड़ा योगदान रहा आज का दिन उन सब शहीदों और महापुरुषों को याद करने का दिन है जिन्होंने आजादी से लेकर देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिए हैं प्राचार्य विजय देवागन ने भी सबोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्राचार्य विजय देबागन, आशुतोष तिवारी, श्रीमति नेहा गुप्ता, श्रीमति दीपमाला राठौर, श्रीमती मंजू नाथ, श्रीमति कामनि परिहार, समस्त स्टाफ एवं छात्राये उपस्थिति रही।



ध्वजारोहण करते अध्यक्ष रामनरेश यादव।

## नगरदा में पूर्व विधायक ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**सक्ती।** गणतंत्रता दिवस की धूम पूरे देश में रही वहीं नगरदा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सक्ती विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉक्टर साहू ने कहा कि वीर शहीदों की कुर्बानी के कारण हमें आजादी मिली और देश के महापुरुषों ने 26 जनवरी 1950 को देश का संविधान लागू किया जिसमें प्रमुख रूप से डॉ. भीमराव अंबेडकर, डॉ राजेंद्र प्रसाद आदि महापुरुषों का बड़ा योगदान रहा आज का दिन उन सब शहीदों और महापुरुषों को याद करने का दिन है जिन्होंने आजादी से लेकर देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिए हैं इस मौके पर विशिष्ट तिथि के रूप में जनपद सदस्य श्रीमती गुलेश्वरी कंवर, सरपंच बॉम्बे लाल यादव, अध्यक्षता विद्यालय समिति के अध्यक्ष विनोद जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उप सरपंच लता विजेंद्र कंवर, सोसायटी अध्यक्ष गोपाल जयसवाल, बहोरान लाल साहू, योगेंद्र जायसवाल, संतोष दिनकर, करम सिंह कंवर, धरम कंवर, ऋषि श्रीवास, प्राचार्य छत राम सिदार, शिक्षक गण, पंचगण, पालकगण एवं छात्र, उपस्थित रहे।



## उत्साह और गरिमामय ढंग से मनाया गया गणतंत्र दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सक्ती

- सांसद राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की ली सलामी

जिला मुख्यालय सक्ती में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह देशभक्ति की भावना और हर्षोल्लास के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह कलेक्टर कार्यालय के निकट ग्राउंड में गरिमामय और भव्य रूप से आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और मुख्यमंत्री का जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन किया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभागीय योजनाओं पर आधारित झाकी प्रदर्शनी से गणतंत्र दिवस समारोह में आए लोगो को योजनाओ की भौतिक रूप से भी जानकारी मिली। इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल में विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा शानदार सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीद के परिजनों और मीसाबंदियो को भी सम्मानित किया गया व विभिन्न शासकिय विभागों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कलेक्टर कार्यालय के निकट मैदान में मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने के बाद कलेक्टर अमृत विकास तोपनो और पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर के साथ परेड का निरीक्षण किया।

मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने जिलेवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में शांति के प्रतीक रंगीन गुब्बारे भी छोड़े गए। मुख्य कार्यक्रम में परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक उमेश कुमार राय के नेतृत्व में आकर्षक मार्चपास्ट किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों शहीद के परिजनों और मीसाबंदियो से भेंट कर उन्हें गणतंत्र दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देने के साथ ही उन्हें शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता सेजेस कसेरपारा देवाशीष बनर्जी द्वारा किया गया। समारोह में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चें एवं जिले के नागरिकगण उपस्थित थे।




परेड का निरीक्षण करते मुख्य अतिथि सांसद कमलेश जांगड़े, साथ में कलेक्टर, एसपी। शांति के प्रतीक आसमान में रंगीन गुब्बारे छोड़ती सांसद।

### परेड में जिला बल पुलिस (पुरूष) को मिला प्रथम स्थान

गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर आज मार्च पास्ट में नौ टुकड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रोफेशनल वर्ग में जिला पुलिस बल (पुरूष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिला पुलिस बल (महिला) द्वितीय तथा नगर सेना (पुरूष) को तृतीय स्थान मिला। परेड नॉन प्रोफेशनल वर्ग में प्रथम स्थान सीनियर एन.सी.सी. बालक, द्वितीय स्थान जूनियर एन.सी.सी बालिका और तृतीय स्थान सीनियर एन.सी.सी. बालिका को प्राप्त हुआ। मार्चपास्ट में जिला पुलिस बल पुरूष, जिला पुलिस बल महिला, नगर सेना पुरूष, वन विभाग प्लाटून, एन.सी.सी. ब्वायज सिनियर डिवीजन, एन.सी.सी. गर्ल्स सिनियर विंग, एन.सी.सी. ब्वायज जूनियर डिवीजन, एन.सी.सी. गर्ल्स जूनियर विंग, भारत स्काऊट एंड गाईड के दल शामिल हुऐ।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में लिटिल फ्लावर स्कूल को मिला प्रथम पुरस्कार

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं ने मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर माहौल में समा बांध दिया। लिटिल फ्लावर इंग्लिश मीडियम स्कूल को प्रथम स्थान, जिंदल वर्ल्ड स्कूल सक्ती को द्वितीय स्थान और इसी प्रकार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरारी (बा)को तृतीय स्थान मिला। सास्कृतिक कार्यक्रमो में कुल 5 स्कूलों द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

### झांकी में स्कूल शिक्षा विभाग को मिला प्रथम स्थान

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में शासकीय विभागों द्वारा आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा निति व गुरुकुल से एआई डिजिटल शिक्षा तक के सफर पर प्रस्तुत झांकी को प्रथम स्थान, प्राकृतिक खेती के चलित झांकी थीम पर आधारित कृषि विभाग की झांकी को द्वितीय स्थान तथा स्वास्थ्य विभाग को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित योजनाओं की थीम पर तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।

### विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया राष्ट्र गान, तिरंगा झंडा के साथ मनमोहक झांकी का प्रदर्शन

# बहोरिक लाल सूर्यवंशी चौक में फहराया गया तिरंगा

**पामगढ़।** 26जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर स्वतंत्र संग्राम सेनानी एवं प्रथम विधायक स्व बहोरीक लाल सूर्यवंशी चौक पामगढ़ में श्रीमती शकुंतला खरे द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। सर्व प्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, भारत रत्न एवं भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर एवं स्व बहोरिक लाल सूर्यवंशी के तेल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया।

ध्वजा रोहण पश्चात विद्या निकेतन माडल कांवेंट उच्चतर विद्यालय एवं ड्रिमलैड पब्लिक स्कूल पामगढ़ के विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्र गान प्रस्तुत किया गया। भारत माता की जय, गणतंत्र दिवस अमर रहे। भारतीय संविधान अमर रहे। जैसे गगन भेदी नारो से पूरा माहौल राष्ट्र प्रेम के भावना से गूंज उठा। विद्या निकेतन एवं ड्रीमलैंड स्कूल के बच्चों के द्वारा तिरंगा झंडा के साथ मनमोहक झांकी का प्रदर्शन किया गया। इसके पश्चात तिरंगा झंडा एवं मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर श्रीमती शकुंतला खरे, हीरा प्रसाद खरे, दुर्गेश्वर तिवारी, नरेंद्र पांडेय, मनोज खरे, दिनेश थवाईत, दिनेश खरे, कोमल ब्रह्मभट्ट, श्याम लाल सांडे, रोहित खरे, शिव पात्रे, वीरेंद्र जांगड़े, भारत भूषण बंजारे, साखी राम कश्यप कौशल कश्यप, विनेश मनहर कांति दिव्य, देवव्रत कश्यप, जागेश रत्नाकर, तारकेश्वर लहरें, राजेंद्र खरे, विजय खरे, अशोक खूंटे पार्षद, शिव कुमार खरे माखन आरले, सन्नी शूर्यवंशी, रोहन खरे, अनिल बघेल रामदयाल सुमन, लक्ष्मीकांत गोरहा, नरेंद्र जांगड़े, अशोक मीरे महेश राठौर, अशोक टंडन, प्रीतेश लहरें, ज्योति, मनोज दिनकर रोशनी, यशखरे, सुभाष ओगरे, बृजनंदन यादव, दीपक प्रधान श्रीमती तुलसी यादव, सविता यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि, गणमान्य नागरिक तथा छात्र-छात्राएं।

